भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 861

दिनांक 23 जुलाई, 2026 को उत्तरार्थ

.....

महानदी-ऋषिकुल्या नदी जोड़ो परियोजना के कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय बजटीय सहायता

861. डॉ. प्रदीप कुमार पाणिग्रही:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को ओडिशा में महानदी-ऋषिकुल्या नदी जोड़ो परियोजना के कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय बजटीय सहायता अथवा बाह्य वित्तीय सहायता का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) चालू वित्तीय योजना के अंतर्गत उक्त परियोजना के लिए विचार किए गए अथवा स्वीकृत वित्तीय आवंटन का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस जल संसाधन सुरक्षा पहल के लिए तकनीकी-आर्थिक स्वीकृति तथा निधि जारी करने की समय-सीमा के संबंध में जल शक्ति मंत्रालय के साथ समन्वय की स्थिति क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क): मंत्रालय को ओडिशा सरकार से महानदी-ऋषिकुल्या नदी जोड़ो परियोजना के कार्यान्वयन के लिए केन्द्रीय बजटीय सहायता अथवा बाह्य वित्तपोषण सहायता की मांग करते हुए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) और (ग): महानदी-ऋषिकुल्या नदी जोड़ो परियोजना की वित्तीय सहायता अथवा तकनीकी-आर्थिक मूल्यांकन के संबंध में किसी प्रस्ताव के अभाव में वित्तीय आवंटन, तकनीकी-आर्थिक स्वीकृति और निधियां जारी करने की समय-सीमा के संबंध में प्रश्न ही नहीं उठता।

*****